हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

06 चांचौड़ा-बीनागंज में राष्ट्रपति के नाम सौंपा...



07 स्लॉट बुकिंग न होने व खाद संकट से जूझते किसान पहुंचे कलेक्ट्रेट





## नगर के इवेंट

### सालगिरह पर सेवा का संकल्पः पत्रकार ने शुरू की प्याऊ, दिया समाज को प्रेरक संदेश



**गुना।** जहां एक ओर लोग अपनी खुशियों को व्यक्तिगत दायरे में मनाते हैं, वहीं शहर के पत्रकार मनोज शिवहरे ने अपनी शादी की सालगिरह को समाजसेवा से जोड़कर एक मिसाल पेश की। भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उन्होंने नई कलेक्ट्रेट बिल्डिंग में शीतल जल के लिए एक प्याऊ का शुभारंभ किया।इस पहल के माध्यम से शिवहरे ने यह संदेश दिया कि व्यक्तिगत खुशियों को समाजहित से जोड़कर मनाया जाए तो उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। कलेक्ट्रेट परिसर में आने-जाने वाले सैकड़ों लोगों को अब शीतल जल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा, जो गर्मी के इस मौसम में बड़ी राहत साबित होगा।प्याऊ का उद्घाटन कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के हाथों हुआ। इस अवसर पर उनकी पत्नी, बच्चे और पत्रकार साथी भी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।यह पहल हमें सिखाती है कि छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं और हर व्यक्ति अपनी खुशियों को जनकल्याण से जोड़कर एक सकारात्मक उदाहरण बन सकता है।

### "जीरो पेंडेंसी पर काम करें अधिकारी, गुना को बनाएं अग्रणी जिला"

**गुना।** आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर जीरो पेंडेंसी पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जिले को नई दिशा देने और सभी विभागों के समन्वय से कार्य करने पर जोर दिया।बैठक में आगजनी की घटनाओं की रोकथाम, जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति, पराली जलाने पर नियंत्रण तथा उपार्जन व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनगणना 2027 के तहत 30 अप्रैल तक ऑनलाइन स्वगणना पूर्ण करने की अपील भी की गई।

### जिले में तापमान वृद्धि एव अत्यधिक गर्मी के चलते कक्षा नर्सरी से 8वीं के लिए 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित

**गुना ।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा ग्रीष्मकाल में जिले में तापमान वृद्धि एंव अत्याधिक गर्मी के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला गुना अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय/अनुदान प्राप्त/मदरसा /सी.वी.एस.ई/नवोदय/केन्द्रीय विद्यालय एंव शासन से मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक के विद्यार्थियों का दिनांक 28 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक का अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाओं का संचालन पूर्ववत यथावत रहेगा। जारी आदेश अनुसार समस्त शैक्षणिक स्टॉफ/कार्यरत कर्मचारी प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रह कर विद्यालयीन कार्य पूर्ण करेंगे। शासन द्वारा पूर्व से निर्धारित परीक्षा आदि आवश्यक कार्यक्रम यथावत समय सारणी अनुसार संचालित रहेंगे।

### "जिला जेल गुना में विशेष लोक अदालत, 2 मामलों का हुआ निराकरण"

**गुना।** जिला जेल में 26 अप्रैल को विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा द्वारा किया गया, जबकि जिला स्तर पर विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।लोक अदालत में कुल 3 प्रकरण रखे गए, जिनमें से 2 का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। विशेष जेल लोक अदालत में वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना, सर्वेश चतुर्वेदी, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला जेल गुना के जेल अधीक्षक, उप अधीक्षक, जेल स्टॉफ, चंद्रेश श्रीवास्तव सहायक ग्रेड-2, योगेन्द्र शर्मा सहायक ग्रेड-3, गोविंद शर्मा एवं जेल में निरूद्ध बंदीगण उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी के बीच बदला मौसम, आंधी के साथ बूंदाबांदी

# गुना में पारा 44 डिग्री पहुंचा, कई ग्रामीण इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में लगातार बढ़ती गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। 23 अप्रैल से 27 अप्रैल के बीच तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे रविवार को अधिकतम तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे दिन के साथ रातें भी गर्म बनी रहीं।मौसम विभाग के अनुसार 23 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री था, जो 24 अप्रैल को 41.6, 25 अप्रैल को 43.3, 26 अप्रैल को 43.6 और 27 अप्रैल को 44.0 डिग्री तक पहुंच गया। लगातार बढ़ते तापमान ने आमजन की दिनचर्या प्रभावित कर दी। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में रहने को मजबूर दिखे।



### बदला मौसम, तेज आंधी और बूंदाबांदी

रविवार को मौसम ने अचानक करवट ली। जिला मुख्यालय सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में तेज आंधी चली और गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली। दिनभर तपिश झेलने के बाद शाम की ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया।हालांकि वर्षा का आंकड़ा नगण्य रहा, लेकिन वातावरण में आई ठंडक ने लोगों को राहत का अहसास कराया। ग्रामीण क्षेत्रों से भी तेज हवा और हल्की बारिश की खबरें सामने आईं।

### लू जैसे हालात, स्वास्थ्य पर असर

लगातार बढ़ते तापमान और कम आर्द्रता के कारण जिले में लू जैसे हालात बने हुए हैं। सुबह की आर्द्रता 31 प्रतिशत और शाम की केवल 16 प्रतिशत दर्ज की गई, जिससे वातावरण में शुष्कता बढ़ी। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर में अनावश्यक बाहर न निकलने, अधिक पानी पीने और धूप से बचाव की सलाह दी है।

तेज हवा आंधी और बूंदाबांदी के बाद किसानों की नजर अब आने वाले दिनों के मौसम पर टिकी हुई है। यदि प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ती हैं तो इससे खरीफ सीजन की तैयारी में मदद मिल सकती है।

## शासन को लाखों के राजस्व नुकसान की आशंका

# सरहद पार से चल रहा 'मीठा खेल' कोल्ड ड्रिंक्स का काला कारोबार

गुना जिले की राजस्थान सीमा से लगे बमोरी, फतेहगढ़, बीनागंज और चाचौड़ा में कोल्ड ड्रिंक की बोतलों के पीछे छिपा है एक खतरनाक कारोबार—बिना बिल, बिना जीएसटी, और पूरी बेखौफी के साथ चलता हुआ नेटवर्क।यह कोई आम सप्लाई चेन नहीं यह वो रास्ता है जहाँ टैक्स की सीढ़ियाँ तोड़कर मुनाफे की ऊँचाइयाँ बनाई जा रही हैं। सस्ते दामों का लालच, नियमों की धज्जियाँ, और वैध व्यापारियों के लिए सीधा वार—सब कुछ खुलेआम, फिर भी परदे के पीछे।और सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या यह खेल ऐसे ही चलता रहेगा या फिर किसी दिन इस "मीठी सप्लाई" का सच, कड़वी सच्चाई बनकर सामने आएगा?

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

### सस्ते दामों का लालच नियमों की खुली अनदेखी

बताया जा रहा है कि बिना जीएसटी के आने वाला माल सामान्य बाजार दर से काफी सस्ता पड़ता है। इसी कारण कई व्यापारी टैक्स नियमों की अनदेखी करते हुए ऐसे माल की खरीद बिक्री में शामिल हैं। छोटे दुकानदारों से लेकर थोक व्यापारियों तक यह नेटवर्क सक्रिय बताया जा रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यदि वैध बिल और जीएसटी के साथ माल खरीदा जाए तो लागत बढ़ जाती हैए जबकि बिना बिल के आने वाला माल उन्हें अधिक लाभ देता है। इसी लालच में कर नियमों को दरकिनार किया जा रहा है।

### कानून में माल जब्ती और डबल पेनल्टी का स्पष्ट प्रावधान

वाणिज्यिक कर एवं जीएसटी नियमों के अनुसारए बिना बिल या बिना वैध दस्तावेजों के माल का परिवहन और बिक्री गंभीर आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में संबंधित माल की जब्ती, वाहन की कार्रवाई तथा देय कर की राशि पर डबल पेनल्टी तक का प्रावधान है।इसके बावजूद सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार का कारोबार लगातार जारी रहना विभागीय निगरानी और कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रहा है।



सांकेतिक चित्र

### राजस्थान बॉर्डर से आने वाले वाहनों की निगरानी हो

स्थानीय लोगों और वैध व्यापारियों का कहना है कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है] लेकिन संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी जांच और कार्रवाई नहीं की जा रही। यदि नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जाए तो इस पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सकता है।

राजस्थान बॉर्डर से आने वाले वाहनों की निगरानीए बिलों की जांच और गोदामों पर निरीक्षण से बड़े स्तर पर कर चोरी पकड़ी जा सकती है। लेकिन अब तक सख्त कार्रवाई नहीं होने से कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

### शासन को राजस्व हानि ईमानदार व्यापारी परेशान

इस अवैध सप्लाई चेन से शासन को लाखों रुपये के टैक्स का नुकसान हो रहा हैए वहीं नियमों का पालन करने वाले व्यापारी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहे हैं। उनका कहना है कि जब बिना टैक्स चुकाए माल खुलेआम बिकेगा तो वैध कारोबार करना मुश्किल हो जाएगा। व्यापारियों ने मांग की है कि प्रशासन और जीएसटी विभाग संयुक्त रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर इस कर चोरी पर रोक लगाए, ताकि शासन के राजस्व की रक्षा हो सके और बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बनी रहे। जानकारों की मानें तो बिना बिल का अगर कोई व्यापारी कारोबार कर रहा है तो इसमें जब यह पकड़े जाएंगे तब इनके ऊपर डबल पेनल्टी लगेगी। यानी वर्तमान में अगर 40: जीएसटी है तो 80 परसेंट की वसूली होगी ।इसके अलावा अगर कंपनी से इन्हें माल की परमिशन नहीं मिली है तो फिर वह सारा माल राजसात हो जाएगा ऐसा प्रावधान है ।

### एक्सपर्ट व्यू

आजकल कुछ व्यापारियों द्वारा माल को बिना बिल के एक राज्य से दूसरे राज्य में लाकर बेचने की प्रवृत्ति देखी जा रही है, जो न केवल जीएसटी कानून का उल्लंघन है, बल्कि एक दंडनीय अपराध भी है। जीएसटी अधिनियम की धारा 31 के अंतर्गत प्रत्येक सप्लाय पर **Tax Invoice** जारी करना अनिवार्य है। नियम 138 के तहत 50,000 से अधिक मूल्य के अंतर्राज्यीय माल परिवहन पर **E-Way Bill** अनिवार्य है। पकड़े जाने पर धारा 129 के तहत कर की राशि के साथ 100% से 200% तक अतिरिक्त पेनल्टी और वाहन सहित माल की जब्ती का प्रावधान है। गंभीर मामलों में धारा 132 के तहत 5 वर्ष तक के कारावास का भी प्रावधान है। इसके अतिरिक्त **FSSAI Act**, **Legal Metrology Act** एवं **Income Tax Act** के अंतर्गत भी अलग से कार्यवाही एवं दंड का सामना करना पड़ सकता है।ऐसे व्यापारियों के विरुद्ध **GST** विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही अपेक्षित है। कर चोरी न केवल सरकारी राजस्व को हानि पहुँचाती है, बल्कि ईमानदार व्यापारियों के साथ भी अन्याय है। विभाग को चाहिए कि ऐसे प्रकरणों में धारा 129 एवं 132 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही करे, जिससे यह प्रवृत्ति हतोत्साहित हो।बिना बिल के माल का अंतर्राज्यीय परिवहन एक गंभीर कर अपराध है।

**-अनिल कुमार यादव** चार्टर अकाउंटेंट

### इनका कहना है

अगर इस प्रकार की कोई शिकायत हमारे पास आती है तो उसमें नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-वीएस नागर** असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी

## झंडा दिवस निधि में गुना की शानदार सफलता

कलेक्टर को मिला सम्मान लक्ष्य से अधिक निधि जुटाकर पाया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गुना जिले ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहित कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस सराहनीय कार्य के लिए राज्यपाल द्वारा जिले को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सोमवार को समय-सीमा बैठक के प्रारंभ में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, विंग कमांडर आशुतोष शुक्ला ने यह सम्मान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से लक्ष्य से अधिक निधि संग्रहण संभव हो पाया है। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, विंग कमांडर शुक्ला ने उपस्थित अधिकारियों को आगामी वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य राशि की जानकारी भी दी और सभी से सक्रिय सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने इस उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने आगामी वर्षों में भी इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सभी को प्रेरित किया तथा सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में अधिक से अधिक योगदान देने का आह्वान किया।

## चोरों के निशाने पर सरकारी स्कूल मोटर और पंखे ले उड़े बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय घोसीपुरा (बाँसखेड़ी) में चोरों ने एक बार फिर आतंक मचाया है। रविवार की छुट्टी का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने स्कूल के बाथरूम और कमरों के ताले तोडक़र हजारों रुपये की सामग्री पार कर दी। इस चोरी के कारण स्कूल में बच्चों के सामने पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।मिली जानकारी के अनुसार, 12 अप्रैल (रविवार) को जब स्कूल बंद था, तब अज्ञात चोरों ने स्कूल परिसर में स्थित बाथरूम का ताला तोड़ दिया। बदमाश वहां से पानी की मोटर, वाटर प्यूरीफिकेशन मशीन और बिजली के कीमती तार चोरी कर ले गए। सोमवार को जब स्कूल स्टाफ पहुँचा, तो चोरी का पता चला। मोटर चोरी होने से स्कूल की टंकी खाली पड़ी है, जिससे तपती गर्मी में छात्र बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे हैं।हैरानी की बात यह है कि इसी स्कूल में ठीक एक महीने पहले भी बड़ी चोरी हुई थी। प्रधानाध्यापक द्वारा कैंट थाने में दी गई रिपोर्ट के अनुसार, बीती 16 मार्च को भी चोरों ने कमरों के ताले तोडक़र 5 पंखे और बिजली फिटिंग के तार चोरी कर लिए थे। एक महीने के भीतर एक ही सरकारी स्कूल में दो बार चोरी होना पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। स्कूल प्रबंधन ने इस बार भी पुलिस को लिखित शिकायत देकर मौका मुआयना करने और सामान बरामद करने की गुहार लगाई है।प्रधानाध्यापक ने चोरी की इस वारदात की जानकारी कैंट थाना प्रभारी के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी और विकास खंड शिक्षा अधिकारी को भी भेज दी है।



## किसानों को परेशानी पड़ना पड़ा भारी, कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया

# लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई, जिला विपणन अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला प्रशासन ने शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पहले भी अनेक उदाहरण पेश किए हैं।

अब ऐसे ही एक मामले में जिला विपणन अधिकारी आरणएसण निगम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा जारी आदेश में यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा ;वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपीलद्ध नियमए 1966 के नियम 9 के तहत की गई है।

### दलहन, तिलहन उपार्जन में लापरवाही बनी निलंबन की वजह

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, दलहन.तिलहन उपार्जन कार्य में जिला विपणन अधिकारी द्वारा अपने पदीय दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किया गया। समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित न करने तथा अधीनस्थ कर्मचारियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रखने के कारण किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्रशासन ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।





### आचरण नियमों का उल्लंघन, कदाचार की श्रेणी में माना गया मामला

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित अधिकारी का यह आचरण मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 के उपनियम (1), (2) एवं (3) का उल्लंघन है इसे कदाचार की श्रेणी में माना गया है, जिसके चलते निलंबन की कार्रवाई की गई।

निलंबन अवधि के दौरान आरएसण निगम का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय, गुना निर्धारित किया गया है। इस दौरान वे बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे।

### प्रशासनिक कार्य प्रभावित न हों, संजीव शर्मा को अतिरिक्त प्रभार

जिला विपणन अधिकारी के निलंबन के बाद प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए संजीव शर्मा, प्रभारी उप संचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, गुना को जिला विपणन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### संदेश साफ, किसानों के हितों से समझौता नहीं

जिला प्रशासन की इस कार्रवाई को किसानों के हितों की सुरक्षा और जवाबदेही तय करने की दिशा में एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसानों को परेशान करने वाली लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गुना पुलिस की कार्रवाईः तीन नाबालिग बालिकाएं राजस्थान से सुरक्षित बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए केंट और सिरसी थाना क्षेत्र से लापता तीन नाबालिग बालिकाओं को राजस्थान से सुरक्षित दस्तयाब किया है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में चल रही इस कार्रवाई में दो बालिकाएं जैसलमेर और एक किशोरी उदयपुर से बरामद की गई।

सिरसी थाना क्षेत्र से लापता दो बालिकाओं की तलाश के लिए पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र की मदद ली, जबकि केंट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों में किशोरी को खोज निकाला। तीनों को सुरक्षित लाकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया।पुलिस की इस संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### कृषि विक्रेताओं का एकदिवसीय बंदः समस्याओं के समाधान के लिए उठी संगठित आवाज

**राघोगढ़।** खाद, बीज और कीटनाशक से जुड़े मुद्दों को लेकर कृषि आदान विक्रेता संघ राघोगढ़ द्वारा 27 अप्रैल 2026 को एक दिवसीय देशव्यापी बंद रखा गया। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में



प्रमुख रूप से ई-टोकन प्रणाली लागू करने, कीटनाशकों के सैंपल फेल होने पर दुकानदार को शासकीय गवाह बनाकर कंपनियों पर कार्रवाई करने तथा एक्सपायरी उत्पादों को कंपनियों द्वारा वापस लेने जैसी मांगें रखी गईं। व्यापारियों का कहना है कि इन समस्याओं के समाधान से न केवल उनका व्यवसाय सुचारू होगा, बल्कि किसानों को भी बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी।एसडीएम राघोगढ़ के प्रतिनिधि ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान राघोगढ़, रुठियाई एवं जंजाली क्षेत्र के सभी व्यापारी उपस्थित रहे।यह बंद केवल विरोध का प्रतीक नहीं, बल्कि एक संगठित प्रयास है, जो यह दर्शाता है कि जब व्यापारी वर्ग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होता है, तो व्यवस्था में सुधार की दिशा में सकारात्मक पहल संभव हो सकती है।

### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, गुना में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**गुना।** पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, गुना में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर कक्षा 1 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों का विद्यालय परिवार में आत्मीय स्वागत करना तथा उन्हें सकारात्मक एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना




रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार राजोरिया एवं प्रधान अध्यापक विक्रम गोयल रहे। दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और प्रेरणादायक बन गया।नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक कर पारंपरिक स्वागत किया गया तथा उन्हें किट वितरण एवं क्राउन पहनाकर उत्साहवर्धन किया गया। कक्षा 2 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। वहीं समूह गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विद्यालयीन वातावरण से जोड़ने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश प्रजापति एवं योग्यता यादव द्वारा किया गया, जबकि मंच सज्जा में योग्यता यादव, साक्षी शर्मा, शिल्पा यादव एवं रूमी यादव का विशेष योगदान रहा। अनुशासन व्यवस्था का संचालन शशांक, वैभव सर, हार्दिक शर्मा एवं ज्योति चंदेल द्वारा किया गया।अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में प्राचार्य विनोद कुमार राजोरिया ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच अपनाने की सीख दी। वहीं प्रधान अध्यापक विक्रम गोयल ने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती नीतू शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

### गो सम्मान और संरक्षण की मांग

# चांचौड़ा-बीनागंज में राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

गो सम्मान और संरक्षण को लेकर क्षेत्र में एकजुटता का संदेश देते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं विप्र समाज के लोगों ने तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रत्येक भारतवासी अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करता है और देश में चल रहे सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रयास सराहनीय हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गोवंश को भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और परंपरा का आधार बताते हुए इसे संवैधानिक संरक्षण देने की आवश्यकता जताई। साथ ही, अनुच्छेद 48 का उल्लेख करते हुए गोवध पर सख्त प्रतिबंध और प्रभावी नीति निर्माण की मांग की गई।ज्ञापन में यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में गोवंश भूख, दुर्घटनाओं और तस्करी जैसी समस्याओं का सामना कर रहा है, जिससे उनकी संख्या लगातार घटती जा रही है।

इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए तत्काल ठोस कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया गया।
सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के हालिया ब्रज प्रवास के दौरान गोसेवा को 'जीवनधन' बताए जाने को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे गोभक्तों की अपेक्षाएं और बढ़ी हैं। कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, सभी दलों के पदाधिकारियों तथा विप्र समाज के लोगों ने अपने विचार रखे।
अंत में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं संगठित रूप से संपन्न हुआ, जो समाज में जागरूकता और जिम्मेदारी का सकारात्मक संदेश देता है।

### पीएम केन्द्रीय विद्यालय गुना में कक्षा 11 (विज्ञान एवं वाणिज्य) में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**गुना।** शहर में नानाखेड़ी स्थित पीएम केंद्रीय विद्यालय गुना में कक्षा 11 विज्ञान एवं वाणिज्य विषय में कुछ स्थान रिक्त हैं। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार राजोरिया ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी/अविभावक 27 अप्रैल से 2 मई तक विद्यालय में प्रातः 8 बजे से 2 बजे के बीच संपर्क कर पंजीकरण आवेदन प्राप्त कर पूर्ण जानकारियों एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ जमा कर प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। पंजीकरण आवेदन निशुल्क है।प्रवेश आवेदन प्राप्त करने और विद्यालय में जमा करने के लिए 2 मई अंतिम तारीख है नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर प्रवेश हेतु कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में अनुसूचित जाति कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

26 अप्रैल को आरोन से राघोगढ़ जाते समय जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह अहिरवार एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आर.के. देलवार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों नेता कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी गुना के जिला अध्यक्ष तथा विधायक राघोगढ़ जयवर्धन सिंह के निर्देशानुसार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के कार्यक्रम में सम्मिलित होने राघोगढ़ जा रहे थे।



इसी दौरान राघोगढ़ घाटी पर सड़क में गड्ढों और अचानक सामने आई गाय को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। दुर्घटना में आर.के. देलवार मूर्छित हो गए, उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया, सिर में गंभीर चोटें आईं तथा नाक से रक्तस्राव हुआ। वहीं भगवान सिंह अहिरवार को शरीर में अंदरूनी चोटें आईं और सांस लेने में तकलीफ हो रही है।दोनों घायलों को तत्काल राघोगढ़ शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय गुना रेफर किया गया। वर्तमान में दोनों को गुना के नवीन अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड की पहली मंजिल पर भर्ती कर उपचार जारी है।यह घटना सड़क सुरक्षा व्यवस्था और मार्गों की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती है, वहीं क्षेत्रीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## आरोन में गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग, राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

नगर में 27 अप्रैल 2026 को गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग को लेकर एक विशाल एवं शांतिपूर्ण ज्ञापन रैली निकाली गई। इस रैली में बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गौरक्षक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। सभी ने



एकजुट होकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन आरोन तहसील कार्यालय में सौंपा।रैली का शुभारंभ दास हनुमान मंदिर क्षेत्र से हुआ, जहां से सहभागी नारे लगाते हुए मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। पूरे मार्ग में गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान से जुड़े संदेशों के साथ अनुशासित एवं शांतिपूर्ण ढंग से मार्च किया गया, जिससे नगर में विशेष जागरूकता का वातावरण बना रहा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा में गौ माता के विशेष महत्व को ध्यान में रखते हुए उसे राष्ट्रीय पशु का दर्जा प्रदान किया जाए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि गौ माता केवल आस्था का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि व्यवस्था एवं पर्यावरण संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।इस अवसर पर उपस्थित गौरक्षकों एवं समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह मांग जनभावनाओं से जुड़ी हुई है और इसे लेकर आगे भी देशभर में जनजागरण किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से हुआ।

## सामाजिक सरोकार की मिसालः गरीब परिवार की बेटी के विवाह में आगे आईं अर्चना बल्लू चौहान, किया कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

कुंभराज निवासी रमेश केवट की पुत्री सलोनी के विवाह में सामाजिक सहयोग और मानवीय संवेदनाओं की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना बल्लू चौहान (काला पहाड़) ने आगे बढ़कर न केवल कन्यादान किया, बल्कि पूरे विवाह समारोह की जिम्मेदारी भी संभाली।आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंध रखने वाले रमेश केवट के लिए यह विवाह कठिनाइयों से भरा था। ऐसे में अर्चना चौहान ने पहल करते हुए परिवार को हरसंभव सहयोग प्रदान किया। उन्होंने बारात के स्वागत, सत्कार और भोजन की व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित कराई तथा नवदंपति को आवश्यक घरेलू सामान भी भेंट किया।विवाह समारोह कुंभराज के वार्ड क्रमांक 10 में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और अतिथि उपस्थित रहे। दूल्हा नीरज केवट (धनोरिया, बमौरी) का निवासी है।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अर्चना चौहान के इस मानवीय और प्रेरणादायक कदम की सराहना की।



परिवारजनों ने भावुक होकर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अर्चना जी हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहती हैं और क्षेत्र में धार्मिक व सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती हैं।स्थानीय लोगों ने इस पहल को समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और सहभागिता की भावना को मजबूत करने वाला कदम बताया। यह विवाह समारोह केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भावना का सुंदर उदाहरण बन गया।

### रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं से यात्री परेशान, शिकायत के बाद आंशिक सुधार

## रेलवे स्टेशन पर लगा हैंडपंप खराब, पेयजल संकट


हरिभूमि न्यूज ▶▶शाढौरा

रेलवे स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफार्म संख्या 1 पर स्थित महिला एवं पुरुष प्रसाधनों में गंदगी, पानी की कमी और प्रसाधन के पास मलबा व कंक्रीट पड़े होने से यात्रियों को काफी दिक्कतें हो रही थीं। इस समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सुनील आचार्य ने संबंधित एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराया।

शिकायत के बाद अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रसाधनों की सफाई करवाई तथा प्लेटफार्म की ओर पड़े मलबे को



भी हटवाया। हालांकि, प्रसाधन तक पहुंचने का मार्ग अब भी पत्थरों और मलबे से भरा हुआ है, जिससे महिला, पुरुष, वृद्ध और दिव्यांग यात्रियों को फिसलकर चोट लगने का खतरा बना हुआ है वही भीषण गर्मी के इस दौर में पानी और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रही है। वही शाढौरा रेलवे स्टेशन पर लगा हुआ हेडपंप काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है जिसको लेकर सुनील आचार्य ने प्रशासन से मांग की है कि प्लेटफार्म 1 के हेडपंप को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए तथा प्लेटफार्मों पर प्रसाधनों तक पहुंचने वाले मार्ग को साफ और सुरक्षित बनाया जाए।



## गो-सुरक्षा और सम्मान को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**शाढौरा।** गौमाता की सेवा, सम्मान और सुरक्षा को लेकर सोमवार को नगर में गौसेवकों ने विशाल रैली निकालकर प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित हस्ताक्षर बात युक्त ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में गोभक्तों ने गौ सम्मान आव्हान अभियान में भाग लेते हुए अपनी मांगें रखीं। सोमवार सुबह 11 बजे नारायण दास गौशाला बस स्टैंड से रैली का शुभारंभ हुआ, जिसमें सैकड़ों गौ सेवक शामिल हुए। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए हीं नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को सैंकड़ों हस्ताक्षर में युक्त पत्रक सौंपते हुए अनुरोध किया गया कि इन जय पत्रकों को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और प्रदेश के मी मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाए, ताकि जनभावनाओं को जब उचित मंच मिल सके। आयोजकों ने बताया कि 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस के रूप में मनाते हुए पिछले 15 दिनों से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा था। यह अभियान देशभर की 5550 तहसील मुख्यालयों पर एक साथ संचालित किया गया। रैली के दौरान गौसेवक हाथों में छोटे बछड़े लेकर चल रहे थे और गोवंश की सुरक्षा, सम्मान एवं देशी नस्लों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए नारे लगा रहे थे। कार्यक्रम के दौरान नगर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

## महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत परिचर्चा सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" के अंतर्गत सोमवार को विद्यार्थियों के लिए एक परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

परिचर्चा सत्र में कुल 35 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने जल संकट, पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं स्थानीय जल संरचनाओं के पुनर्जीवन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाते हुए



सार्थक चर्चा में योगदान दिया। इस गतिविधि का मार्गदर्शन इको क्लब की नोडल प्रभारी डॉ. दीक्षा भट्ट द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने अपने संदेश में कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सजग एवं जिम्मेदार बनना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह अपने दैनिक जीवन में जल संरक्षण के उपाय अपनाएं और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी 35 विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। महाविद्यालय के इको क्लब समिति मेंबर्स ने विद्यार्थियों के विचारों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता अभियानों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यह परिचर्चा सत्र विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

### अशोकनगर का अब तक सर्वाधिक तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा

**अशोकनगर।** अशोकनगर का अब तक सर्वाधिक तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। यह अब तक का सबसे अधिक तापमान है पिछले तीन दिनों से अशोकनगर जिले में लगातार तीखी गर्मी पड़ रही है और सूरज के तेवर तीखे हैं। दिन भर गर्म हवाएं चल रही है देर रात 10.00 बजे तक गर्म हवाओं का असर मौसम में रहता है। अप्रैल का महीना अभी व्यतीत नहीं हुआ है उसके बावजूद भी गर्मी का यह हाल है इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि मई के महीने में गर्मी का क्या होगा। क्योंकि हमेशा अप्रैल का दूसरा पखवाड़ा और मई का पूरा महीना तीखी गर्मी के नाम रहते हैं। इन दिनों में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है लोगों को मौसमी बीमारियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश लोग मुंह में छाले होने की शिकायत कर रहे हैं किसी को गला सूखने की शिकायत है तो किसी को गर्म लपट लग जाने के कारण गर्मी का शिकार होना पड़ रहा है। अशोकनगर जिले में गर्मी की स्थिति पिछले एक सप्ताह से ऐसी ही बनी हुई है, कोई बड़ी बात नहीं है तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक न पहुंच जाए। अभी 44 डिग्री सेल्सियस पर चल रहा है लंबे वर्षों के कई वर्षों के बाद इस तरह की गर्मी जिले में पड़ रही है इससे जनजीवन अस्त व्यस्त है सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जिन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना आना पड़ रहा है। शादी विवाह में जाने आने वाले लोग भी गर्मी की अधिकता से परेशान है लेकिन जब गर्मी पड़ती है तभी शादियां होती हैं तभी फसल आती है तभी बाजार चलते हैं। इसलिए लोगों को मजबूरी में गर्मी के बीच रहना पड़ रहा है काम करना पड़ रहा है, देखते हैं आने वाले दिनों में अशोकनगर जिले का तापमान कैसा रहता है।

## ग्राम पिपरौदा में श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया



**ईसागढ़।** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम पिपरोदा में चतुर्थ दिवस में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें कथा प्रवक्ता पंडित श्याम महाराज ईसागढ़ परासरी वालों ने भगवान की जन्मोत्सव की कथा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में घनघोर अंधेरी रात में मथुरा के कारागार में वासुदेव देवकी जी के यहां भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया और यमुना पार कर करके गोकुल में छोड़कर आए। गोकुल वासियों ने बड़े ही धूमधाम से कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया। जिसमें पिपरोदा के सभी ग्राम वासी बड़े हर्ष के साथ नाचे और लाला को बधाई दी। जन्मोत्सव में श्रद्धालु जमकर नाचे पंडित सोनू महाराज ,विशाल शर्मा कथा प्रवक्ता का भरपूर साथ दे रहे हैं। यजमान राजेन्द्र सिंह यादव ने अपने सहपरिवार सहित बाल कृष्ण का पूजन किया ।

### पीले वस्त्रों में सजी मातृशक्ति ने उतारी आरती

## श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ माता जानकी प्राकट्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा सीता नवमी के उपलक्ष्य में स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला स्थित श्री राम मंदिर में आयोजित जगत जननी मां जानकी प्राकट्योत्सव भक्तिभाव और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। जिले में पहली बार आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रघुवंशी समाज की महिलाओं सहित नगर के धर्मप्रेमी श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता जानकी के विधि-विधान से पूजन और वैदिक मंत्रों से दिव्य अभिषेक के साथ हुआ। इसके पश्चात माता सीता को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। आयोजन का विशेष आकर्षण यलो ड्रेस कोड रहा, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पीले वस्त्रों में सम्मिलित हुईं, जिससे पूरा परिसर भक्ति के सुनहरे रंग में रंगा नजर आया। शाम को भजन संध्या में गायकों ने जब जनक दुलारी और सिया प्यारी के भजनों की प्रस्तुति



दी, तो श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। अंत में महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। परिषद की जिला इकाई ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों, समाज जनों और परिषद से जुड़ी सभी मातृ शक्तियों का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद ने पूर्व में श्री राम विवाह महोत्सव पर भी शानदार आयोजन अशोकनगर में किया था। शनिवार को सीता नवमी पर हुए उस अभूतपूर्व आयोजन के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय नजर आया।

## शिव महापुराण ऐसा पुराण है जिसको ध्यान से सुनने से मन प्रसन्न हो जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरई

कथा व्यास पं. श्री बिदुर जी महाराज ने चतुर्थ दिन की कथा में बताया शिव महापुराण ऐसा पुराण है जिसको ध्यान से सुनने से मन प्रसन्न हो जाता है। भक्ति का माहौल चतुर्थ दिन भी कथा पंडाल में सैकड़ों भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही हैं। जो हर हर महादेव के जयघोष के साथ महादेव की भक्ति में डूबे नजर आए।

कथा के दौरान पंडित विदुर महाराज ने शिवभक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि चपटी भभूत (शिवजी की भस्म) में कुबेर का खजाना है, यानी सच्ची शिव पूजा दरिद्रता दूर करती है। कथा में महाशिवरात्रि का विशेष प्रसंग सुनाया गया, जिसमें भगवान शिव की विशेष पूजा और उसकी महिमा का वर्णन



किया गया। जीवन में बदलाव का संदेश कथा वाचक ने भक्तों को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और प्रतिदिन शिव की भक्ति, जल अर्पण व मंत्र जाप करने के लिए प्रेरित किया। देवों के देव महादेव जी का मंदिर प्रांगण ग्राम ढोंडिया में श्री श्री, 108 स्वामी प्रभूदास महाराज के सानिध्य में एक कुण्डातमक रुद्र महायज्ञ संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा के कार्यक्रम के आयोजक मुख्य यजमान पटेल कप्तानसिंह यादव ग्राम ढोंडिया समस्त ग्रामवाशी और गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया और कथा का रसपान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**अशोकनगर।** एल एन मेडिकल कॉलेज, जेके हॉस्पिटल भोपाल के तत्वाधान में रेड क्रॉस सोसाइटी, सेवा भारती द्वारा स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला बायपास रोड अशोकनगर पर 28 अप्रैल मंगलवार को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में एल.एन. मेडीकल कॉलेज एवं जे. के. हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। शिविर में ईसीजी ईथों एवं रक्त की पैथोलॉजी जांच निःशुल्क की जाएगी। शिविर में कैंसर रोग,हृदय रोग, मेडिसिन रोग, सर्जरी रोग, हड्डी रोग स्त्री एवं प्रसूति रोग की जांच एवं उपचार किया जावेगा। शिविर में उपलब्ध डॉ. विवेक त्रिपाठी (कार्डियक), डॉ. प्रिया कुशवाह (सर्जरी) डॉ सेहवाल सक्सैना (अर्थो), डॉ. नीरज (कैंसर) डॉ. अनन्या राय सिंह (सर्जरी) डॉ. पलाश सिंह (आर्थो) डॉ. अर्तिका (गायनिक) द्वारा प्रशिक्षण एवं उपचार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर जय मंडल सिंह यादव, डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी, संजय रघुवंशी, देवेंद्र अग्रवाल डॉ अनुराधा यादव मनीष जैन अंकित छाबड़ा डॉक्टर दीपक मिश्रा सतीश पाराशर डॉ रामकुमार शर्मा राजीव जैन जाट से संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने ली विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

**अशोकनगर।** मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा 29 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली समीक्षा बैठक के एंजेडा के संबंध में कलेक्टर साकेत मालवीय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पात्र हितग्रहियों के आयुष्मान कार्ड लक्ष्य के अनुरूप बनाये जाने,कर्मकार मण्डल के अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन एवं संबल कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गए। उन्होंने राजस्व विभाग से संबंधित नामातरण,बटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण कर अद्यतन जानकारी भिजवाये जाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। उन्होंने लोक सेवा गांरटी अधिनियम के अंतर्गत आवेदकों को दी जाने वाली सेवाएं निर्धारित समय पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने समस्त राजस्व, स्वास्थ्य, श्रम एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्धारित एंजेडा अनुसार जानकारी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगेश्री निवासी गणेशराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्ली ओझा और अनेश ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोहरवास निवासी रिंकी बाई प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्ला और सेतोष बाई प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मीरकाबाद निवासी बाबूलाल बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज बागडी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो गुटो में मारपीट के बाद दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर मामले दर्ज कराए हैं। एक पक्ष की ओर से संजना पत्नि संजय कटारिया निवासी छितरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयकुमार पत्नि रामबाबू कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जयकुमारी कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संजना और भूरा कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

कर्ज से परेशान होकर युवक ने की खुदकुशी !

# नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नियुक्ति के बाद भी ऑनलाइन गेम की नहीं छूटी लत

**खुदकुशी करने से पहले युवक ने पिता को भेजा था मैसेज, लिखा था- मेरी वजह से अब कोई परेशानी नहीं होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ईसागढ निवासी राहुल पुत्र रमेश अहिरवार उम्र 27 साल को ऑन लाईन गेम खेलने की लत लग गई थी, कोई भी आदत अगर लग जाए तो कभी कभी वह जान की दुश्मन बन जाती है, इस घटना में भी ऐसा ही हुआ। नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नियुक्ति के बाद भी ऑनलाईन गेम खेलने का चश्का लगा रहा जिससे बढ़ते कर्ज के कारण नर्सिंग ऑफिसर को फांसी लगाकर खुदकुशी करना पडी। खुदकुशी करने से पहले राहुल पुत्र रमेश अहिरवार उम्र 27 साल ने अपने पिता को मेसेज भेजा कि अब आपको मेरी वजह से कोई परेशानी नहीं होगी, यह मेसेज रात के 3 बजे भेजा गया था। रात को जब पिता रमेश अहिरवार ने मेसेज देखा तो इसे सामान्य समझा लेकिन जब कमरे में जाकर देखा तब उनका बेटा राहुल फांसी के फंदे पर लटका हुआ था।

राहुल नर्सिंग ऑफिसर के रूप में इन्दौर और देवास में नौकरी कर चुका है, उसे मोबाइल पर ऑनलाईन गेम खेलने की लत वहीं से लगी। वह जो भी कमाता वह हार जाता और कर्ज अलग से हो जाता, घर के लोग कर्ज चुकाते चुकाते परेशान थे। ऐसा परिवार के लोगों का कहना है जिसके कारण वह राहुल को घर वापिस ले आए थे, लेकिन इसके बाद भी उसकी ऑनलाईन गेम खेलने की लत नहीं छूटी वह घर पर भी गेम में पैसे लगाता रहा।

यह लत उसे इस कदर लगी कि उसने अपनी बाईक भी गिरवी रख दी, अभी कुछ दिन पहले ही श्री आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा संचालित सुखपुर अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए उसका चयन भी हो गया था, सोमवार को ही उसे जॉइन करना था लेकिन उससे पहले ही उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्म हत्या करने से पहले उसने अपनी पत्नि और बेटी को मायके में भेज दिया था। वह पहले भी हाथ की नस काट चुका है और एक बार नींद की गोलियां खाकर भी आत्म हत्या करने का प्रयास कर चुका है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### 40 वर्षीय युवक ने आटा चक्की वाले कमरे के तराजू से फांसी लगाकर की खुदकुशी



जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम डुंगासरा में एक 40 वर्षीय युवक ने अपने ही घर के कमरे में जहां आटा चक्की लगी हुई थी उसी तराजू से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। यह घटना उस समय हुई जब परिवार के लोग घर पर नहीं थे, और एक शादी समारोह में भाग लेने गए हुए थे।मृतक देवेन्द्र पुत्र बुन्देल परिहार का परिवार शादी में गया हुआ था, मृतक शराब पीने का आदि था ,जब परिवार के लोग शादी समारोह से वापिस लौटकर आए तब बच्चों को लगा कि वह घर पर सो गए हैं, सुबह जब उनकी बेटी उठी और कमरे में पहुंची जहां चक्की लगी थी वहां देखा तो वह तराजू पर फांसी का फंदा बनाकर उस पर लटके हुए थे जिसकी सूचना पुलिस को दी गई, मृतक का पोस्ट मार्टम के बाद शव को परिवार जनो को सौंप दिया गया, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

---

समर्थन मूल्य पर खरीदी व्यवस्था चरमराई

# स्लॉट बुकिंग न होने व खाद संकट से जूझते किसान पहुंचे कलेक्ट्रेट



**अशोकनगर।** जिले में रबी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है। ऑनलाइन साईट नहीं चलने से जहां स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रही, वहीं खाद के लिए टोकन व्यवस्था भी फेल साबित हो रही है। इन समस्याओं से आक्रोशित संयुक्त किसान मोर्चा ने सोमवार को संयुक्त कलेक्टर आर. बी. सिण्डोसकर और कृषि उपसंचालक को ज्ञापन सौंपकर त्वरित समाधान की मांग की। जिला मीडिया प्रभारी राजिद अहमद ने बताया कि समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए किसानों को स्लॉट ही नहीं मिल पा रहे, क्योंकि संबंधित वेबसाइट समय पर खुल नहीं रही। दूसरी ओर, खाद वितरण के लिए बनाई गई ऑनलाइन टोकन व्यवस्था भी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है साइट बंद रहने से टोकन नहीं मिल रहे और किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में प्रति बीघा मात्र 10 किलो डीएपी खाद दी जा रही है, जो फसलों की जरूरत के मुकाबले बेहद कम है।

किसानों ने इसे बढ़ाकर न्यूनतम 25 किलो प्रति बीघा करने की मांग रखी है। साथ ही खरीदी केंद्रों पर बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई। संयुक्त किसान मोर्चा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्लॉट व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया और टोकन व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और खाद की उपलब्धता नहीं बढ़ाई गई, तो जिले भर के किसान बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान अजय रघुवंशी (महिदपुर), कृष्णा बैरागी, राव दिगपाल सिंह यादव, जसपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, यशपाल यादव, बंटी रघुवंशी, छोटू लोधी, अजय रघुवंशी (बमोरा) सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

---

# आमजन से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा के अंतर्गत लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अपने-अपने विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि समय सीमा के पत्रों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण शासन की प्राथमिकता है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करें और निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता,जबावदेही और समन्वय आवश्यक है,आमजन से जुडे. प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही की जाएं। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए नाट अटेंण्डेंट की संख्या शून्य की जाएं। विभागों द्वारा ग्रेंडिग में सुधार लाया जाकर ए ग्रेड प्राप्त किया जाएं। उन्होंने 100 दिवस से अधिक लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि इन प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण न होने पर संबंधित अधिकारी पर पैनल्टी लगाई जाएं। उन्होंने अनुसूचित जाति,जनजाति के राहत वितरण के संबंध में समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु नगरीय एवं ग्रामीणों क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के मापदण्डों के तहत दुर्घटनाग्रस्त स्थलों पर सांकेतिक बोर्ड लगाये जाये। साथ ही स्पीड ब्रेकर बनवाये जाने एवं डिवाइडर लगवाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

उन्होंने शस्त्र लायसेंस डिजीटल पोर्टल के संबंध में समीक्षा करते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार शस्त्र लायसेंस के आवेदन ऑनलाईन किये जायेगें। उन्होंने स्वास्थ्य एवं पोषण हेतु निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति की समीक्षा कर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में पेयजल की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पेयजल हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई पानी की टंकियों का सद्उपयोग कर पेयजल की सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जाएं। सभी ग्राम पंचायतों में हेण्डपम्प चालू रहे यह सुनिश्चित किया जाएं।

### जिला भाजपा ने सभी मंडलों के प्रभारी घोषित किए

**अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन के निर्देशानुसार सोमवार को जिले के सभी मंडलों में जिला प्रभारी घोषित किए गए हैं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा जिले के सभी मंडलों में प्रभारियों की सूची जारी की गई है। सूची में अशोकनगर मंडल में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव पछार मंडल में जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल अशोकनगर ग्रामीण में जिला उपाध्यक्ष केशवराव जोशी शाढौरा में पूर्व जिला मंत्री सुनील रघुवंशी महिदपुर, सोनेरा में जिला मंत्री लखन सिंह रघुवंशी राजपुर में पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रभान सिंह दांगी नईसराय में पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी ढाकोनी में जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी ईसागढ़ में जिला मंत्री सलिल त्रिपाठी चंदेरी नगर में जिला महामंत्री नरेश ग्वाल चंदेरी ग्रामीण में जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी थूवोन मंडल में जिला कोषाध्यक्ष पूरन सोनी सेहराई में जिला मंत्री दीपक शर्मा पिपरई में पूर्व जिला मंत्री मनोज शर्मा आमखेड़ा जिला मंत्री दयाशंकर कुशवाहा मुंगावली में पूर्व जिला महामंत्री प्रताप भान सिंह यादव बहादुरपुर मंडल में जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी को प्रभारी बनाया गया है।

---

मीटर हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद लोगों का विरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




सोमवार को मध्यप्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के नेतृत्व में ईदगाह मोहल्ले के 100 से अधिक निवासियों ने अपने- अपने घरों पर जबरन लगाए गए स्मार्ट मीटर को निकलवाने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के डीई को ज्ञापन सौंपा। साथी बिजली उपभोक्ताओं ने अपने परिसर में लगाए गए प्रीपेड स्मार्ट मीटर को हटाने के लिए 30 से 35 आवेदन भी दिए और जल्द से जल्द हटाने की मांग की।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि हवा, पानी और खाना मनुष्य की प्राथमिक जरूरत है उसी तरह बिजली का भी उतना ही महत्व है। जो आधुनिक सभ्यता की धुरी है। इसलिए भारत में आजादी के बाद बिजली को मूलभूत अधिकार में शामिल किया गया। जिसके बिना आज एक इंच भी आगे बढ़ना असम्भव है। एक तरफ कल कारखानों का चलना नामुमकिन है तो वहीं दूसरी तरफ आम इंसान की जिंदगी भी आज बिना बिजली के संभव नही है। इसलिए आज यह कहना गलत नहीं होगा कि बिन बिजली सब सून। फिर भी बिजली को महंगा करने वाला प्रीपेड स्मार्ट मीटर कंपनी के माध्यम से लगाए जा रहे हैं जो अधिक से अधिक आम जनता की जेब खाली करने वाला मीटर है। इसके बावजूद बिना अनुमति के लोगों के डिजिटल मीटर को स्मार्ट मीटर में बदला जा रहा है। इस मीटर के माध्यम से बिलिंग प्रणाली में टी ओ डी प्रणाली, डायनेमिक प्राइसिंग प्रणाली और रियल टाइम मॉनिटरिंग प्रणाली को लागू करना संभव है।

इस मीटर को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए नियंत्रित किया जाएगा। नतीजतन, इस मीटर के सॉफ्टवेयर को नियंत्रित करने और मीटर रीडिंग को बदलने, वास्तविक बिजली खपत से लेकर कंपनी के लाभ के हितों को इच्छानुसार पूरा करने की पर्याप्त संभावनाएं होंगी। बिजली बिलों का बोझ बहुत बढ़ जाएगा। हाल ही में, विभिन्न राज्यों के उपभोक्ता इस स्थिति का सामना कर रहे हैं। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5), 55(1), 56 (1) में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है।और हमारे देश के केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर जी ने कहा है कि उपभोक्ताओं पर जबरन स्मार्ट मीटर नहीं थोपे जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है। यह मीटर केंद्र सरकार की रियैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत लगाए जा रहे हैं, जो एक योजना है, कोई कानून नहीं।

---

# कृषि आदान विक्रेता संघ ने व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कृषि आदान विक्रेता संघ ने व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कहा गया है कि यह संगठन 5 लाख व्यापारियों से जुड़ा है, व्यापारी पिछले 10 वर्षों से कईं समस्याओं का सामना कर रहे हैं। जिसके बाद भी न तो केन्द्र और न ही राज्य की सरकारों द्वारा कोई कार्यवाही की जा रही है। जिसे लेकर उक्त संगठन द्वारा अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

**खास बातें**

- खाद पर जबरन लिंकिंग पर पूर्णप्रतिबंध लगाया जाए।
- आपूर्ति सुनिश्चित करना खाद की डिलीवरी डीलर के विकी केंद्र तक कंपनियों द्वारा सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में यूरिया जैसे खाद की डिलीवरी रेल-हेट पर दी जा रही है।
- बहती लागत और महंगाई को देखते हुए उर्वरकों पर डीलर मार्जिन को बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत किया जाए।
- ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए इस पोर्टल को वैकल्पिक बनाया जाए और इसकी अनिवार्यता केवल निर्माताओं एवं थोक विक्रेताओं तक सीमित रखी जाए।
- अवैध बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगे या अधिकृत डीलरों को विनियमित विक्री की अनुमति दी जाए।
- खाद, बीज एवं कीटनाशक के सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को अपराधी नहीं, बल्कि केवल गवाह माना जाए।
- कपनियों के लिए पुराने या एक्सपायर्ड स्टॉक को वापस लेना कानूनी रूप से अनिवार्य किया जाए।
- नए बीज अधिनियम और कीटनाशक विधेयक 2025 में रिटेल डीलर को प्रथम पक्ष बनाने के कठोर प्रावधान को शिथिल किया जाए।
- जांच कमेटी बनाई जाने किसानों द्वारा झूठी शिकायतें करते हुए व्यापारियों को ब्लैकमेल किया जाता है। ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई करने के पहले जिला स्तर पर एक कमेटी बनाई जावे उसके अनुशंसा के बाद ही कार्रवाई की

### जनगणना कार्यों की समीक्षा

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में संचालित जनगणना कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देशित किया कि चार्ज अधिकारियों के माध्यम से जनगणना से जुड़े सभी कार्य पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि चार्ज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए ग्राम एवं वार्ड स्तर तक जनप्रतिनिधियों, शासकीय अमले तथा आम नागरिकों से सतत समन्वय स्थापित करें। उन्होंने स्व-गणना को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आमजन को इसके लिए प्रेरित किया जाए।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बछड़े की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम ग्यारसपुर निवासी घनश्याम लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम अथाईखेडा में संजय सिंह यादव निवासी अशोकनगर ने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाकर गाय के बछड़े को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक पर मामला दर्ज किया है।

---

पैदल यात्रा और बाइक रैली निकाली

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

सोमवार को प्रातः 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत एक व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सिंधिया चैराहा से डीजे के साथ उत्साहपूर्ण पैदल यात्रा के रूप में हुई, जो अभय दाता मंदिर तक निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने भाग लेकर गौ संरक्षण एवं सम्मान का संदेश दिया।

पैदल यात्रा के पश्चात बाइक रैली का आयोजन किया गया, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर गौवंश की सुरक्षा, गौशालाओं की सुदृढ़ व्यवस्था तथा सड़कों पर घूम रहे गौवंश के लिए स्थायी आश्रय की मांग की। इस कार्यक्रम का नेतृत्व राहुल शर्मा (राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद) द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख प्रतीक है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और प्रशासन का ध्यान गौ संरक्षण की ओर आकर्षित करना है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में गौवंश की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। गौशालाओं की व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं प्रभावी नीतियों के क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में कलशा बाले महाराज का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस दौरान मनमोहन दास, राकेश दास, संत रघुवर दास, पंकज शर्मा, नेपाल यादव, कमल केवट, प्रिंस आदि रहे मौजूद।

---



# जल संचय जनभागीदारी समिति की बैठक की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल संचय जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संरचनाओं की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संवर्धन के तहत जनभागीदारी से किये जा रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गए।

**खुले बोरवेल मिलने पर होगीं सख्त कार्यवाही, सूचना देने वाले को किया जाएंगा पुरूस्कृत।**

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा निर्देशित किया गया है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों अनुपयोगी व खुले बोरवेल को तुरंत बंद कराये जायें। लापरवाही पाये जाने पर भूस्वामी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएं। साथ ही खुले बोरवेल की सूचना देने पर संबंधित जागरूक नागरिक को पुरूस्कृत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# मोहिनी एकादशी पर ग्राम सहोदरी में श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा ग्राम सहोदरी में श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय 4 ज्ञान कर्म संन्यासयोग का स्वाध्याय हुआ। ग्राम में सहोदरी में प्रति सोमवार को सामूहिक श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय किया जाता है जिसमें बच्चे, युवा, माता बहिनें सभी सम्मिलित होते हैं ।

अध्याय 4 श्लोक 1 से 3 में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं हे अर्जुन! मैंने इस अविनाशी योग को सूर्य से कहा था; सूर्य ने अपने पुत्र वैवस्वत मनु नसे कहा और मनु ने अपने पुत्र राजा इक्ष्वाकु से कहा और इस प्रकार परम्परा से प्राप्त इस योग को राजर्षियों ने जाना। तू मेरा भक्त और प्रिय सखा है इसलिये यह पुरातन योग आज मैंने तुझको कहा है क्योंकि यह बड़ा ही उत्तम रहस्य है अर्थात गुप्त रखने योग्य है विषय है। श्लोक 10 में कहते हैं पहले भी जिनके राग, भय और क्रोध सर्वथा नष्ट हो गये थे और जो मुझमें अनन्यप्रेम पूर्वक स्थित रहते थे ऐसे मेरे आश्रित रहने वाले बहुत से भक्त श्रीमद् भगवद्गीता ज्ञानरूप तप से पवित्र होकर मेरे स्वरूप को प्राप्त हो चुके हैं।

श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा गांव गांव जाकर साप्ताहिक गीता स्वाध्याय प्रारम्भ करवाया जा राज है गीता स्वाध्याय करने से चिंता, तनाव, संशय, भ्रम, अंधविश्वास व कुरुतियों को दूर करने की समझ प्राप्त होती है।

## दो अज्ञात युवकों ने मक्सी और शाजापुर के बीच दिया वारदात को अंजाम

# उज्जैन से राजगढ़ आ रही महिला के बैग से 80 लाख के जेवरात चोरी

### राजगढ़ स्थित अपने पीहर शादी में आ रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बीना-नागदा ट्रेन में उज्जैन से ब्यावरा के लिए बैठी एक महिला का बैग काटकर अज्ञात युवकों द्वारा करीब 80 लाख के जेवरात चुरा लिए गए। पीड़ित महिला राजगढ़ स्थित अपने मायके में आयोजित शादी समारोह में शिरकत करने आ रही थी और इस दरमियान यह घटना हो गई। राजगढ़ आने के बाद जब महिला ने अपना बैग खोला तब इस बड़ी चोरी के बारे में जानकारी लग पाई। पीड़िता महिला अपने परिजनों के साथ ब्यावरा जीआरपी थाने पहुंची और पूरी आपबीती बताई। रविवार देर रात्रि तक ब्यावरा जीआरपी द्वारा इस बारे में मामला पंजीबद्ध किए जाने की कार्यवाही जारी थी।



### उज्जैन से ट्रेन में बैठी थी महिला

जानकारी के अनुसार राजगढ़ के वार्ड-4 के पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया की बहन राजकुमारी पत्नी हुकम सुल्तानिया निवासी नालियाबाखल जिला उज्जैन शनिवार को बीना-नागदा ट्रेन में सवार होकर राजगढ़ आ रही थीं। महिला राजकुमारी के साथ उनकी बड़ी बहन आशा और बच्चे साथ थे। इनके पास तीन बड़े-बड़े बैग भी थे। रिजर्वेशन नहीं होने से तीनों जनरल कोच में बैठ गए। इस दौरान मक्सी के पास से दो लड़के भी इनके सामने की सीट पर आकर बैठ गए। दोनों लड़के इतने शातिर थे कि उन्होंने महिलाओं को जरा भी भनक नहीं लगने दी कि वे किस मंशा के साथ ट्रेन में चढ़े हैं।

### राजगढ़ घर आने पर मालूम हुई चोरी की बात

पीड़िता महिला राजकुमारी, उनकी बहन राजगढ़ आ गए और सोमवार जब उन्होंने अपना बैग खोला तो वे अचंभित रह गईं। जिस बैग में आभूषण रखे हुए थे उसमें चाकू या किसी धारदार वस्तु से चाक लगे हुए थे और बैग में रखे सभी आभूषण गायब थे। यह देखकर राजकुमारी अचेत हो गई। बाद में परिजनों द्वारा जैसे-तैसे ढांढस देकर उन्हें चेतना में लाया गया। बाद में पार्षद प्रतिनिधि संदीप कटारिया और अन्य परिजन ब्यावरा देहात थाने पहुंचे और पूरे मामले की इत्तला दी।

### यह जेवरात हुए हैं चोरी

पीड़िता महिला के अनुसार बैग से दो रानी हार, एक सोनी की चैन, चांदी का कमरबंद, गले के दो बड़े हार, अंगूठी, एक झुमकी सहित अन्य जेवरात चोरी हुए हैं। राजगढ़ शादी अटेंड करने के चलते वे इतने आभूषण अपने साथ ला रही थीं करीब 400 ग्राम सोने, चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं जिनकी कीमत करीब 80 लाख के आसपास बताई जा रही है। ब्यावरा जीआरपी पुलिस पूरे मामले की विवेचना में लगी हुई है।

## कार अनियंत्रित होकर टकराई, पिता पुत्र गंभीर घायल

सारंगपुर। इंदौर से सागर की ओर जा रहे पिता-पुत्र की कार सोमवार को नेशनल हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार प्रयागराज निवासी परेश पिता आदेश अपने पुत्र के साथ इंदौर से सागर जा रहे थे। सारंगपुर के पास पहुंचते ही अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर टकरा गया। हादसे में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दोनों को सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। प्रारंभिक जांच में वाहन का संतुलन बिगड़ना हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रविवार रात का मामला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

# जालपा जी के नजदीक राजगढ़ के युवक से मारपीट कर लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रविवार रात्रि क्षेत्र के प्रसिद्ध देवीय शक्तिपीठ मां जालपा के दर्शन कर वापस लौट रहे राजगढ़ के युवक के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित युवक ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पूरी आपबीती सुनाई। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात बदमाशों पर ऋकफ दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।



### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार शहर के पुरा क्षेत्र निवासी शुभम पिता देवेंद्र जादव रविवार रात्रि अपनी स्कूटी से जालपा माता के दर्शन करने गया हुआ था। जब शुभम वापस लौट रहा था तभी रात्रि करीब 8.45 बजे देवझिरी और केके मेमोरियल स्कूल के बीच दो अज्ञात लोगों ने उसे रोका। एक बदमाश ने मुंह पर गमछा बांधा हुआ था और दूसरे की दाढ़ी बढ़ी हुई थी। शुभम ने समझा की कोई मदद के लिए रोक रहा है ऐसे में उसने अपनी स्कूटी रोक दी। स्कूटी रोकते ही दोनों अज्ञात लोग गाली-गलौज और मारपीट करने लगे और कांच के बॉटल शुभम के सिर पर मार दी। इस दौरान बदमाशों ने पीड़ित युवक के पास रखे 7 हजार 500 रूपए भी छीन लिए और अपनी मोटर साइकिल से भाग निकले।


### कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया लूट का मामला

घटना के जैसे-तैसे पीड़ित शुभम अपने घर पहुंचा और परिजनों को पूरी बात बताई। सभी थाने पहुंचे और इस संबंध में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों पर लूट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# 8 उपाध्यक्ष, 15 महासचिव, 20 सचिवों वाली कांग्रेस की जंबोजेट कार्यकारिणी

## पार्टी जिलाध्यक्ष ने प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा से की घोषणा

राजगढ़। पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने इंतजार के बाद रविवार रात्रि अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति उपरान्त यह कार्यकारिणी बनाई गई है। नवगठित कार्यकारिणी में आठ उपाध्यक्ष, 12 महासचिव एवं 15 सचिव नियुक्त किए गए हैं। नवगठित कार्यकारिणी में संगठन महासचिव की जिम्मेदारी राधेश्याम सौम्यतिया को सौंपी गई है वहीं विष्णु प्रसाद करोडिया कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिन आठ पदाधिकारियों को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है उनमें देवीसिंह दांगी खिलचीपुर, एडवोकेट आफताब अहमद खान ब्यावरा, राजेश रातलिया नरसिंहगढ़, राजेंद्र सिंह कीलखेड़ा राजगढ़, चैनसिंह गुर्जर ब्यावरा, महेंद्र यादव ब्यावरा, लीलाबाई ठेकेदार राजगढ़ व रचना भार्गव ब्यावरा शामिल हैं।



### इन 15 कार्यकर्ताओं को सौंपा गया जिला महासचिव का दायित्व

नवीन कार्यकारिणी में जो 15 महासचिव बनाए गए हैं उनमें विश्वनाथ दांगी ब्यावरा, समीर खान सारंगपुर, अशोक वर्मा राजगढ़, राजेंद्र सिंह आमलाबे खिलचीपुर, घनश्याम राजपूत नरसिंहगढ़, लक्की दांगी(अंकित) ब्यावरा, हेमेंद्र सिंह चौहान सारंगपुर, रविंद्र मीणा नरसिंहगढ़, वीरेंद्र गुर्जर नरसिंहगढ़, राजेंद्र सिंह जाट सारंगपुर, पांचू लाल मालवीय खिलचीपुर, मोतीलाल लोधा ब्यावरा, हरिसिंह तंवर सारंगपुर, हेमेंद्र सिंह सौलंकी सारंगपुर, तरुण कुमार चौबे खिलचीपुर शामिल हैं। इसके साथ ही कमल भिलाला खिलचीपुर, नीतेश तेजरा खिलचीपुर, मुकेश मेघवाल सारंगपुर, पंकज भंडारी सारंगपुर, राहुल जाटव ब्यावरा, प्रेमसिंह गुर्जर ब्यावरा, सत्यनारायण बैरागी राजगढ़, विक्रम सिंह चौहान राजगढ़, ज्ञानसिंह मीणा नरसिंहगढ़, हरिओम यादव नरसिंहगढ़, चंदर सिंह परमार सारंगपुर, दिग्विजय सिंह लाला बना नरसिंहगढ़, जगदीश सेन ब्यावरा, वहीद शाह खिलचीपुर, पंकज भानेज खिलचीपुर, सरदार सिंह सरावत ब्यावरा, राजेंद्र यादव राजगढ़, सुनील नागर सारंगपुर, लोकेश दुबे राजगढ़, ओमप्रकाश जाटव नरसिंहगढ़ को जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही देवेंद्र पाराशर सारंगपुर एवं एहतेशाम हसन सिद्दीकी राजगढ़ को जिला प्रवक्ता बनाते हुए संतोष लोधी खिलचीपुर एवं पंडित आनंद मेहता सारंगपुर को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। कुशाग्र पंचोली राजगढ़ को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

## गिरफ्तारी के अंततः 10 दिन बाद राजगढ़ सीएमएचओ स्थानांतरित

### मूल पद पर शाजापुर किया तबादला

राजगढ़। लैब के संचालन के लिए 50 हजार रुपयों की रिश्वत की मांग करने वाली राजगढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल को को अंततः विभाग ने मूल पद पर शाजापुर स्थानांतरित कर दिया है। लोकायुक्त द्वारा गिरफ्तार किए जाने के 10 दिन बाद यह कार्यवाही हुई है।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आयुक्त द्वारा सोमवार दोपहर इस संबंध में आदेश जारी किया गया। रिश्वत कांड में फंसी सीएमएचओ के सिर्फ तबादला होने को लेकर भी आमजनों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। जिले के स्वास्थ्य विभाग की मुखिया द्वारा रिश्वत मामले में फंसने के बाद उनके सस्पेंशन की मांग की जा रही थी। हालांकि, सूत्रों के अनुसार डॉ. पटेल का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने से विभाग ने सिर्फ उनका स्थानांतरण किया है। बहरहाल, अब राजगढ़ जिले का नया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कौन होगा इसको लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। या तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा भोपाल से आदेश जारी कर बतौर किसी को पदस्थ किया जाएगा या जिला कलेक्टर उक्त प्रभार किसी को सौंप सकते हैं।

# गो माता को राष्ट्रमाता घोषित करने राष्ट्र व्यापी आह्वान पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



जीरापुर। गो माता के सम्मान में राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत नगर में रैली निकालकर गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने ज्ञापन सौंपा गया। पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में गो माता की पूजा अर्चना कर रैली निकालकर कर तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से रैली प्रारंभ हुई जिसमें गौ माता एवं नन्दी को सजाकर जुलूस निकाला जो इंदर चौराहा स्वामी विवेकानंद चौराहा होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचा। जहां पर गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए गो हत्या बंद हो जैसे नारे लगाए गए। तत्पश्चात पं अनुराग शर्मा महाराज ने ज्ञापन को पढ़कर सुनाया एवं तहसीलदार कमल सिंह सोलंकी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपकर गो माता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा देने और गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। रैली में प्रमुख रूप से संत पं. गणेश शंकर आचार्य डग रोड़ बालाजी, दिनेश चंद्र नागर, पं. अनुराग शर्मा, कथा वाचक पं. कमल बिहारी नागर, गोविन्द शर्मा जटाशंकर आश्रम भण्ड़ावद, आचार्य रामेश्वर नागर, अर्थव तिवारी गोघटपुर, सत्यनारायण शास्त्री पिपल्या कुलमी, हरीश तिवारी सहित अन्य साधु-संतों और गौ भक्त शामिल हुए। ज्ञापन में उल्लेख किया कि गो सम्मान आह्वान अभियान के विषय में अपने विचार प्रस्तुत करना चाहता हूँ। यह अभियान केवल एक संगठन का प्रयास नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के संत समाज, गोभक्तों और जागरूक नागरिकों की एक सामूहिक आवाज़ है। हमारे भारत में गाय को सदियों से माता का दर्जा दिया गया है। गाय न केवल हमारी आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी कृषि, अर्थव्यवस्था और संस्कृति का भी एक मजबूत आधार रही है। लेकिन आज की स्थिति चिंताजनक है। गौवंश की संख्या घट रही है, सड़कों पर बेसहारा पशु घूम रहे हैं, और गौ तस्करी जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। ऐसे में गो सम्मान आह्वान अभियान का उद्देश्य है कि गौवंश को उसका उचित सम्मान और सुरक्षा मिल सके। इस अभियान की सबसे प्रमुख मांग है कि गाय को राष्ट्रमाता या राष्ट्र आस्था का संवैधानिक दर्जा दिया जाए।

## सवारी से भरे ऑटो में पिकअप ने पीछे से मारी टक्कर, 9 घायल



जीरापुर। मान्याखेड़ी पर पीकअप वाहन ने ऑटो रिक्शा वाहन को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे ऑटो में सवार नौ लोगों घायल हो गए। जानकारी अनुसार सूरजपुरा लोधा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन से लौट रहे सवारी से भरे ऑटो को टेंट हाउस का सामान भरकर पीछे से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप वाहन अनियंत्रण होकर घटनास्थल पर ही एक खेत में जाकर पलट गई। इस हादसे में 9 घायल हो गए। जिसमें से दो लोगों को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार उपरांत बाहर रैफर किया गया। जीरापुर के समीप मान्याखेड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे पर यह हादसा हुआ है।

# तीज बड़ली नरसिंहगढ़ में 38 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

नरसिंहगढ़। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, जिला राजगढ़ द्वारा तीज बड़ली में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 38 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इस आयोजन में 7 जिलों और 2 राज्यों से आए राजपूत समाज के लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भक्तपाल सिंह (बैरसिया) एवं क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ हजारों की संख्या में समाज के वरिष्ठजनों और प्रतिनिधियों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भैरू सिंह चौहान, राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री महेंद्र सिंह तोमर, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पवार, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष यशपाल सिंह सिसोदिया (मध्य प्रदेश) एवं जिला अध्यक्ष किशोर सिंह (देवास) सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सफल आयोजन के लिए सम्मेलन समिति के सदस्यों को महाराणा प्रताप स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष मदरूप सिंह ने किया। इस अवसर पर अशोक सिंह तोमर (ग्वालियर), शैलेंद्र सिंह (गढ़ा जागीर), कमलेंद्र सिंह सोलंकी, बालमोहन सिंह (निनोर), देवेंद्र सिंह परमार (पूरा), गोविंद सिंह मकवाना (कोषाध्यक्ष), भंवर सिंह हिकमी, डॉ. मोहन सिंह मकवाना, मनफूल सिंह (सरपंच पीपलखेड़ा), प्रणपाल सिंह राजावत (ब्लॉक अध्यक्ष नरसिंहगढ़), मोती सिंह चौहान, हिंदू सिंह झाला (प्रदेश उपाध्यक्ष), कमल सिंह गौड़, किशोर सिंह सोलंकी, चंद्रपाल सिंह पवार, धर्मेंद्र सिंह उमठ, दूल्हे सिंह राठौड़, निर्भय सिंह राठौड़, सोनार सिंह (कुरावर), बृजपाल सिंह (ढाबला), मोहन सिंह (बरखेड़ा डोर), लाखन सिंह हिकमी, भगवान सिंह सोलंकी, लाखन सिंह चौहान (बडबेली), सोहन सिंह, राम सिंह चौहान (बड़ोदिया तालाब), कमल सिंह (झाडला), दिलीप सिंह (रुनहा), माखन सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। यह सम्मेलन दहेज प्रथा के उन्मूलन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। सभी विवाह भारत सरकार के नियमों के अनुसार संपन्न कराए गए, जिसमें वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं वधु की 18 वर्ष सुनिश्चित की गई।



### मंडी प्रांगण में अहिरवार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न 33 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

लखनवास। ग्राम के मंडीप्रांगण में सोमवार को अहिरवार समाज के तत्वावधान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुभ मुहूर्त में 33 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार और सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद तोरण, वरमाला, पाणिग्रहण संस्कार सहित सभी वैवाहिक रस्में एक साथ संपन्न कराई गईं। आयोजन समिति द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट स्वरूप दिया गया।

## ग्राम पालड़ी गुसाई में तैयारियां पूर्ण

# गोस्वामी समाज का नि:शुल्क कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन आज

ब्यावरा। ग्राम पालड़ी गुसाई में मंगलवार को गोस्वामी समाज द्वारा निःशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस समारोह को लेकर पूरे क्षेत्र और समाज के लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। इस सम्मेलन में 16 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता करना और सामूहिक विवाह के माध्यम से फिजूलखर्ची को रोककर एक सकारात्मक संदेश देना है। आज सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर चहल-पहल शुरू हो जाएगी, जहाँ विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, सभी विवाह संस्कार पूरी तरह से वैदिक रीति-रिवाज और धार्मिक परंपराओं के साथ संपन्न कराए जाएंगे। इस अवसर पर समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और गणमान्य अतिथि शिरकत करेंगे, जो नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पालड़ी गुसाई के ग्रामीणों और गोस्वामी समाज के कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की हैं। भोजन से लेकर मेहमानों के ठहरने तक के उचित प्रबंध किए गए हैं। साथ ही, समिति की ओर से नवदम्पत्तियों को उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान देने की भी योजना है।

# गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलवाने सौंपा ज्ञापन

### गाय को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे गो सेवक



राजगढ़। गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत नगर के अनेकों गोसेवक सोमवार दोपहर कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम के ज्ञापन अधिकारियों को सौंपे। इन ज्ञापनों में गाय माता को राज्यमाता का दर्जा दिलाते हुए राष्ट्रमाता के दर्जे का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की मांग रखी। इसके पूर्व सभी गोसेवक नारेबाजी करते हुए एक गाय माता को प्रतीक स्वरूप अपने साथ लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां सभी ने मुख्यमंत्री के नाम के कुछ ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को पढ़कर सुनाए। अधिकारियों से यह भी मांग रखी कि सड़कों पर यहां-वहां लावारिस घूम रहे गोवंश के लिए स्थाई व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही जिले में पशु चिकित्सा सेवाओं को ज्यादा सुदृढ़ बनाया जाए ताकि बीमार गौवंश को त्वरित इलाज मिल सके। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से आव्हान किया गया कि गाय माता ही सकल विश्व की पालन हार हैं और आज वही अपने अस्तित्व, इलाज और देखरेख की प्रतीक्षा कर रही हैं। अनेकों निराश्रित गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। ऐसे में गाय को राज्यमाता का दर्जा देते हुए केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रमाता घोषित किया जाना चाहिए।

## गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत सर्व हिंदू समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# गो संरक्षण के लिए सख्त और प्रभावी कानून बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सर्व हिन्दू समाज द्वारा गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार आकाश शर्मा के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। ज्ञापन में प्रमुख रूप से गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत गोमाता के संरक्षण, संवर्धन एवं गोवंश वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई गई। समाजजनों ने उल्लेख किया कि भारतीय संस्कृति में गोमाता का विशेष महत्व है और यह न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी है। ज्ञापन में संविधान का हवाला देते हुए राज्य एवं केंद्र सरकार से गो संरक्षण के लिए सख्त और प्रभावी कानून बनाने की मांग की गई। इसके साथ ही ज्ञापन में गो-आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, गोशालाओं को सुदृढ़ करने, सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश के संरक्षण की व्यवस्था करने तथा गो तस्करी पर कठोर कार्रवाई की भी मांग रखी गई। समाजजनों ने कहा कि वर्तमान में गौवंश की स्थिति चिंताजनक है, जिससे न केवल सांस्कृतिक मूल्यों को ठेस पहुंच रही है, बल्कि किसानों और आम नागरिकों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गोवंश संरक्षण के लिए केंद्र में एक पृथक गो मंत्रालय की स्थापना की जाए तथा इसे संवैधानिक दायित्व के रूप में लागू किया जाए। समाज के प्रतिनिधियों ने सरकार से शीघ्र ठोस कदम उठाने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें प्रशासन तक पहुंचाईं और उम्मीद जताई कि शासन-प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा। तहसीलदार ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, धर्मजागरण प्रमुख गगन शर्मा, एबीवीपी से आदित्य शर्मा, कुमेर सिंह सोलंकी, नितेश पुष्पद, अंकित पुष्पद,कपिल पुष्पद,जितेंद्र पुष्पद, देवा पुष्पद सहित बड़ी संख्या में सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारी, युवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## गो माता के सम्मान में रैली निकाल कर एसडीएम को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



खिलचीपुर। गो माता सम्मान आह्वान अभियान 2026 के तहत सोमवार को नगर में गो भक्तों ने रैली निकाल कर तहसील कार्यालय पहुंचकर एसड एम को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। साथ ही 15000 हजार लोगों के हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र के चार लिफाफे सौंपे। रैली की शुरुआत भोजपुर नाके पर संत हरिनारायण वैष्णव एवं कल्याणराय मंदिर के मुखिया अनिल पारीक ने गोमाता की पूजा अर्चना आरती कर की। इस मौके पर संत हरिनारायण वैष्णव ने गोमाता के महत्व से अवगत कराया। इस मौके पर बड़ी संख्या में गो भक्त ओर महिलाओं ने सुंदरकांड का पाठ किया। रेली में गोमाता ,के साथ ही बैलगाड़ी भी शामिल थी जिसमें जनता के हस्ताक्षर युक्त पत्र के चार लिफाफे रखे थे सहित गोमाता की झांकी भी शामिल थी। रेली में शामिल लोगों ने गोमाता की जय के नारे लगाते हुवे चल रहे थे वही भजन मंडली में शामिल लोग जय श्री राम के भजन गा रहे थे ,रैली भोजपुर नाके से सुभाष चौक पटवा बाजार,इमली स्टैंड,हॉस्पिटल रोड होती हुई तहसील कार्यालय पहुंची यह एस डी एम अंकिता जैन को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री ,राज्यपाल,मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सहित 15 हजार लोगों के हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र सौंपा जिसने गोमाता को राष्ट माता घोषित करने, गो हत्या पर कड़ा कानून बनाने, गो मंत्रालय बनाने, निरक्षित गो वंश की सरकार समुचित व्यवस्था करने से सहित अन्य मांगे शामिल थीं।